प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

संसद का बजट सत्र आज से शुरु हो गया है। केन्द्रीय वित्तामंत्री निर्मला सीतारामन ने आज बजट सत्र के पहले दिन लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण 2023–24 में वित्त वर्ष 2024–25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साढे छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष 2023–24 में अनिश्चित वैश्विक आर्थिक निष्पादन के बावजूद घरेलू वृद्धि कारकों ने आर्थिक विकास में मदद की है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि व्यापार और सेवाओं के निर्यात में बढोतरी की संभावना है। सर्वेक्षण में कृषि क्षेत्र के निष्पादन में सुधार की उम्मीद है।

****

संसद के बजट सत्र से पहले संसद के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल पेश किये जाने वाला बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट सरकार के इस कार्यकाल के पांच वर्ष की दिशा तय करेगा और यह 2047 के विकसित भारत अभियान के सपने की नींव बनेगा। श्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने फैसला दे दिया है और सभी राजनीतिक दलों को मिलकर अगले पांच वर्ष के लिए देश के लिए खडा होना चाहिए।

****

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि नीट–यूजी पेपर लीक का देश भर में केवल एक मामला पटना में सामने आया है। उन्होंने कहा कि सीबीआई मामले की जांच कर रही है और ये मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने विपक्ष के इन आरोपों का खण्डन किया कि देश में पेपर लीक की घटनाएं बार बार सामने आई हैं।

इससे पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ये मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि देश की परीक्षा प्रणाली में बहुत गंभीर समस्या है। उन्होंने इस मुद्दे पर श्री प्रधान की आलोचना की।

****

इधर, नीट विवाद पर आज सुप्रीम कोर्ट में 40 से ज्यादा याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच में सुनवाई जारी है। ये चौथी सुनवाई है। आज रीएग्जाम पर फैसला आ सकता है। सुनवाई के दौरान एनटीए ने माना कि 3300 से ज्यादा स्टूडेंट्स को गलत पेपर दिया गया था।

****

वर्ष 2025 के लिए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 15 सितम्बर तक किये जा सकते हैं। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि पद्म पुरस्क्रों के लिए नामांकन और अनुशंसाएं राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्राप्त की जाएंगी। पद्म पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री शामिल हैं।

****

सावन की पहली सोमवारी पर देवघर के बाबा मंदिर समेत राज्यभर के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। देवघर में सुबह चार बजे बाबा मंदिर का पट खुलते ही कताबद्ध कांवरियों को अरघा के माध्यम से जलार्पण कराया जा रहा है। इधर, दुमका जिले के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में भोर तीन बजे सरकारी पूजन के बाद अरघा के

माध्यम से भक्त जलाभिषेक कर रहे हैं।राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर, खूंटी के आम्रेश्वर धाम के अलावा लोहरदगा, कोडरमा और पाकुड़ के शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है।

****

देवघर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नौ सौ करोड़ रुपये की लागत से कॉरिडोर का निर्माण कराया जायेगा। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवादाता।

****

देवघर के उपायुक्त विशाल सागर ने सिविल सर्जन द्वारा स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 109 एएनएम के तबादलों पर रोक लगा दी है। उपायुक्त ने सभी एएनएम के तबादले को श्रावणी मेले तक स्थगित किया है।

*******समाप्त********